Media Coverage

जनजागरूकता कार्यक्रम में लोगों को स्वच्छता के प्रति किया गया जागरूक

मानिकपुर/चित्रकूट (एसएनबी) । स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना अंतर्गत गुरूवार को विकासखंड मानिकपुर में जानकी प्रसाद मेमोरियल रिसर्च एंड एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर सिद्धार्थ एण्ड टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शौचालय के प्रयोग पानी का रखरखाव एवं हाथ धुलने के तरीके बताये गये। जिला परियोजना समन्वयक पवन कुमार ने बताया कि हमारे देश के स्वास्थ्य बजट का 1600 करोड़ रुपए उन बीमारियों में खर्च हो जाते हैं जो दूषित पानी और गी की वजह से होती है। जिसको कम करने की दिशा में संस्था के कुशल प्रशिक्षको द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत के प्राथेक राजस्व मजरे में नुक्कड़ नाटक, ग्राम पेयजल एवं संस्था समिति की बैठक, के माध्यम से लोगों को पेयजल के प्रति जागरूक किया जाएगा। सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) मोहनलाल सिंह ने कहा कि ग्रामीण परिवेश में लोगों को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक एक सशक्त माध्यम है। ऐसे कार्यक्रम समयऱ्समय पर पंचायत में आयोजित किये जाने चाहिए। ग्रामीण अंचलों में इस कार्यक्रम का आम जनमानस के ऊपर गहरा प्रभाव पड़ता है। परिस्ट सहायक तनवीर कुरेशी ने बताया कि आज के समय में प्लास्टिक प्रबंधन हमारी मुख्य समस्या है। इसलिए हमें प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र बनाकर बहुत हद तक इससे निजात पाया जा सकता है। इस अवसर पर तेजा, रणधीर, ऋषि सिंह, अजीत, गौरव, कनक, अर्जुन प्रसाद, विकास इत्यादि उपस्थित रहे।

अमर उजाला

रोग से पीड़ित आ रहे हैं। बौखार कर दी। संवाद

लोगों को स्वच्छता का पढ़ाया पाठ

पनियरा। विकास खंड पनियरा के ब्लॉक परिसर में बुधवार को दोपहर में चार गतिविधियों के माध्यम से स्वच्छ भारत मिशन के तहत जेपी मेमोरियल रिसर्च एंड एजुकेशनल ट्रस्ट टीम ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। जिला परियोजना समन्वयक देवव्रत मिश्रा ने बताया कि टीम द्वारा हर राजस्व गांव व ग्राम पंचायत में यह कार्यक्रम नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक करने के लिए चलाया जा रहा है। संवाद

महिलाओं में माहवारी की समस्याएँ, खून की कमी, कम्फोर्ट व हार्मोन्स की गड़बड़ी में लाभदायक

स्वच्छता रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया

मिठौरी महाराजगंज। मिठौरी ब्लाक परिसर में शुक्रवार कोमिठौरी ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राम हरख गुप्ता की अध्यक्षता में स्वच्छता रैली को हरी झंडी दिखाकर मिठौरी विकासखंड के कई ग्राम सभा में रैली को रवाना किया

गया स्वच्छता टीम जाकर गांव की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देगी स्वच्छता के बारे में लोगों को समझाया जाएगा। स्वच्छ भारत के अभियान के तहत जोर दिया जा रहा है इस दौरान एडिथी पंचायत मिठौरा सुरेश चंद कनौजिया, खंड शिक्षा अधिकारी शिवकुमार कंप्यूटर ऑपरेटर संजय कुमार गुप्त संत कुमार वर्मा खजाची गौड़ अजय सिंहआदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

फास्ट फॉरवर्ड

वीडीओ ने स्वच्छता वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत बुधवार को मूसरी गंज ब्लाक प्रांगण में जेपी मेमोरियल रिसर्च एंड एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा ओडीएफ प्लस की स्थिति बनाए रखने हेतु स्वच्छता समिति की बैठक, नुक्कड़ नाटक और स्वच्छता रैली का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया। वीडीओ प्रवीण सिंह ने स्वच्छता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रशिक्षक योगेश चंद्र शुक्ल द्वारा गांवों में ओडीएफ प्लस की स्थिति बनाए रखने एवं स्वच्छता व साफ-सफाई के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। व्यक्तिगत एवं सामुदायिक शौचालय को साफ सुथरा रखने पर भी चर्चा की गई। दूसरे प्रशिक्षक आशुतोष पांडेय ने खुले में शौच जाने से होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी दी। खंड विकास अधिकारी प्रवीण सिंह ने स्वच्छता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने ग्रामीणों से सहयोग की अपील की है। पंचायत अधिकारी ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन का उद्देश्य स्वच्छ एवं खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) भारत की प्राप्ति करना है। कहा कि सरकार की यह योजना अति महत्वपूर्ण है, जिसके तहत ग्रामीण जनजीवन को बेहतर बनाना है। कहा कि यह तभी संभव होगा, जब ग्रामीण मजबूत होंगे। कूड़ा-करकट प्रबंधन पर नुक्कड़ नाटक से टीम गांवों में जाएगी और प्रस्तुति के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक करेगी। पंचायत अधिकारी दिनेश चन्द्र पाठक ने आगे कहा कि ग्रामीणों को भी स्वच्छ-सफाई से संबंधित छोटी-छोटी बातों का ख्याल रखना चाहिए। जिसे स्वच्छता मिशन की नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सरलता से समझा जा सकता है। कहा कि जीवन में स्वच्छता को अपनाकर ही रोग मुक्त जिला जा सकता है। इस मौके पर स्वच्छता मिशन टीम में डीपीसी राहुल, एडीपीसी रमाकांत, दीपक, दिनेश, राहुल, अमित पाठक, मास्टर ट्रेनर के साथ ब्लॉक कर्मचारी एवं ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

नुक्कड़ नाटक से दिया स्वच्छता का संदेश

www.hindumorcha.in

- सराय मलरा मिशन के तहत होगा आयोजन, कहा गया सहयोग की समन्वयक मोनी टीम
- राहुल व्यास विकास अधिकारी राजगंज ने की झंडी दिखाकर रवाना के लिए रैली को किया रवाना

लंबुक खंड विकास अधिकारी राजगंज ने कार्यों की लिया जोरा

स्वच्छ भारत मिशन के नुक्कड़ टीम को एडीओ पंचायत ने किया रवाना

पनियरा, महराजगंज। पनियरा ब्लॉक परिसर में बुधवार को दोपहर में चार गतिविधियों के माध्यम से स्वच्छ भारत मिशन के तहत जेपी मेमोरियल रिसर्च एण्ड एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। बताया परिसर में आयोजित नुक्कड़ कार्यक्रम को लेकर जिला परियोजना समन्वयक देवव्रत मिश्रा ने बताया कि टीम द्वारा सभी राजस्व गांव और ग्राम पंचायत में यह कार्यक्रम नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक करने के लिए चलाया जा रहा है वही नुक्कड़ नाटक को लेकर एडीओ पंचायत गुड्डू प्रसाद ने बताया कि यह कार्यक्रम चार गतिविधियों पर आधारित है जिसमें नुक्कड़ नाटक, स्वच्छता मेला,आई.ई.सी वी वितरण सामग्री व पेयजल समिति की बैठक कर किया जा रहा है जिसमे प्रत्येक गांव,घर गली कूचो की साफ सफाई के बारे में लोगों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। वही एडीओ पंचायत द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के जागरूकता के तहत नुक्कड़ टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान अजय कुमार सिंह, समन्वयक शक्ति पाण्डेय, रामनयन वर्मा,मोअज्जम अली, एडीटर अरविंदो कुमार व नाटक टीम के सदस्य मौजूद रहे।

डीपीआरओ ने स्वच्छता वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

नुक्कड़ नाटक और स्वच्छता रैली द्वारा ग्रामीणों को किया गया जागरूक

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

नुक्कड़ नाटक से स्वच्छता के प्रति किया जाएगा जागरूक : रामदुलार

नुक्कड़ नाटक के जरिये ग्रामीणों को करेंगे जागरूक

स्वच्छता मिशन में जागरूकता के साथ सहयोग अहम : पंचायत अधिकारी

अमृत प्रभात, ऊधा, प्रयागराज (नि.सं.)। विकासखंड ऊधा के अंतर्गत गांवो में स्वच्छता की अलख जगाने के लिए एडीओ पंचायत दिनेश चंद्र पाठक ने हरी झंडी दिखाकर टीमो को रवाना किया। उन्होंने ग्रामीणो से सहयोग की अपील की है। पंचायत अधिकारी ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन का उद्देश्य स्वच्छ एवं खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) भारत की प्राप्ति करना है। कहा कि सरकार की यह योजना अति महत्वपूर्ण है, जिसके तहत ग्रामीण जनजीवन को बेहतर बनाना है। कहा कि यह तभी संभव होगा, जब ग्रामीण मजबूत होंगे। कूड़ा-करकट प्रबंधन पर नुक्कड़ नाटक से टीम गांवो में जाएगी और प्रस्तुति के माध्यम से ग्रामीणो को जागरूक करेगी। पंचायत अधिकारी दिनेश चन्द्र पाठक ने आगे कहा कि ग्रामीणो को भी स्वच्छ-सफाई से संबंधित छोटी-छोटी बातों का ख्याल रखना चाहिए। जिसे स्वच्छता मिशन की नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सरलता से समझा जा सकता है। कहा कि जीवन में स्वच्छता को अपनाकर ही रोग मुक्त जिला जा सकता है। इस मौके पर स्वच्छता मिशन टीम में डीपीसी राहुल, एडीपीसी रमाकांत, दीपक, दिनेश, राहुल, अमित पाठक, मास्टर ट्रेनर के साथ ब्लॉक कर्मचारी एवं ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

लघु नाटिका से बताई सफाई की आवश्यकता

नाटिका का मंचन करते युवा कलाकार। अमृत विचार

रामनगर (चित्रकूट), अमृत विचार : जानकी प्रसाद मेमोरियल रिसर्च एंड एजूकेशनल ट्रस्ट के तत्वाधान में स्वच्छता अभियान के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम मे रंगमंच के कलाकारों ने लघु नाटिका से सफाई की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम को खंड विकास अधिकारी शैलेंद्र सिंह, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) देवेंद्र सिंह ने संबोधित किया। इस अवसर पर तेजा, रणधीर, ऋषि सिंह, अजीत, गौरव, कनक, अर्जुन प्रसाद, विकास आदि मौजूद रहे।

जागरूक करने वाली टीम को किया रवाना

सिकरारा। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 के तहत गांवो में स्वच्छता के प्रति लोगो को जागरूक करने वाली टीम को जिलापंचायत अधिकारी नत्थूलाल गंगवार ने हरी झंडी दिखा कर बुधवार को ब्लाक मुख्यालय से रवाना किया।

जानकी प्रसाद मेमोरियल रिसर्च एंड एजुकेशनल ट्रस्ट, महाराजगंज की ओर से आईईसी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन उत्तर प्रदेश शासन के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम होंगे। यह टीम ग्रामीणों को जागरूक करेगी।

पेयजल और स्वच्छता के बारे किया जागरूक

बस्ती कप्तानगंज -राज्य पेयजल एवं स्वच्छता सहायीन मिशन संगठन जानकी प्रसाद मेमोरियल रिसर्च एंड एजुकेशनल ट्रस्ट महाराजगंज के तत्वाधान में सोमवार को कप्तानगंज ब्लाक मुख्यालय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया ब्लॉक के खंडविकास अधिकारी ग्राम प्रधानों ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर जागरूकता टीम को रवाना किया ब्लॉक परिसर में लगाए गए स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता संबंधित स्टाल एक रोगोली का खंड विकास अधिकारी ने अवलोकन किया। इसमें ओडीएफ प्लस की स्थिति बनाए रखने के लिए पेयजल व स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए अभियुक्ती कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक व स्वच्छता मेले के आयोजन पर चर्चा हुई पेयजल और स्वच्छता जीवन मिशन प्रशिक्षकों ने लोगों को पेयजल की स्थिति बनाए रखने व स्वच्छता के बारे में लोगों को विस्तृत जानकारी दी। ब्लॉकलाल व सामुदायिक शौचालयों की साफ-सफाई के बारे में भी लोगों को जागरूक किया गया इस अवसर पर जिला समन्वयक - अनिरुद्ध त्रिपाठी छात्रा अजय यादव हर घर जल जीवन मिशन जिला मिशन एवं सलाम यादव कार्यक्रम-संचालकनिति बहिश एवं रवि यादव समस्त नुक्कड़ टीम ग्रामी त्रिपाठी एवं तुषा त्रिपाठी आदि, मेला एकाकच्छ ग्राम पंचायती में ग्रामीणों के साथ ग्राम प्रधानों की मौजूदगी रही।

उत्कष्ट कार्य से सदैव याद किए जाते हैं

लोगों को किया जागरूक

अमृत प्रभात, मऊआइमा, प्रयागराज (नि.स.)। विकासखंड मऊआइमा में स्वच्छ भारत मिशन फेज-2 के माध्यम से जनपद के समस्त ग्राम पंचायत में स्वच्छता मिशन की टीम जाकर समुदाय के निजी जीवन में व्यवहार परिवर्तन करने के लिए नुक्कड़ नाटक एवं स्वच्छता समिति की बैठक को किया । स्वच्छता सेनिटेजेशन से संबंधित मेले का आयोजन कर वह व्यवहार परिवर्तन का काम कर रही है। जिसमें आइ.ई.सी पम्पलेट भी लोगों को बांटे गए। सभा को संबोधित करते हुए बीडीओ उमेश सिंह ने कहा कि स्वच्छता ही जीवन का आधार है इसके बिना मानव पशु के समान हो जाता है। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख मऊआइमा इस्तमाज सभीम, एडीओ पंचायत दिनेश कुमार पटेल, कार्यक्रम के लिए नामित संस्थान जानकी प्रसाद मेमोरियल रिसर्च एजुकेशनल ट्रस्ट डिस्टिएट को ऑडिनेटर राहुल कुमार सिंह, एडीपीसी पीयूष पाठक, एडीपीसी अभिषेक मौर्य, संदीप दुबे ब्लॉक की समस्त अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बीडीओ ने स्वच्छता वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

स्वच्छता वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते बीडीओ

खुटहन। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शुक्रवार को ब्लाक प्रांगण में जेपी मेमोरियल रिसर्च एंड एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा ओडीएफ प्लस की स्थिति बनाए रखने हेतु स्वच्छता समिति की बैठक, नुक्कड़ नाटक और स्वच्छता रैली का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया।

बीडीओ गौरवेन्द्र सिंह ने स्वच्छता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रशिक्षक योगेश चंद्र शुक्ल द्वारा गांवों में ओडीएफ प्लस की स्थिति बनाए रखने एवं स्वच्छता व साफ-सफाई के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। व्यक्तिगत एवं सामुदायिक शौचालय को साफ सुथरा रखने पर भी चर्चा की गई। दूसरे प्रशिक्षक आशुतोष पांडेय ने खुले में शौच जाने से होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी दी। खंड विकास अधिकारी गौरवेंद्र सिंह ने स्वच्छता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जो गांव गांव जाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करेगा। इस अवसर पर संस्था के जिला परियोजना समन्वय राजकुमार यादव, अतिबर यादव, आशुतोष पांडेय, अंकित यादव, रवि यादव, बैजनाथ यादव, संतलाल सोनी, रामदुलार यादव, बिंदु यादव, अखिलेश वर्मा, लाल बहादुर, विनोद कुमार, दिनेश सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

जागरूकता

नुक्कड़ नाटक और स्वच्छता रैली के माध्यम से ग्रामीणों को किया गया जागरूक

सिकरारा (विकासखंड सिकरारा में जनपद स्तरीय कार्यशाला में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 के अंतर्गत जानकी प्रसाद मेमोरियल रिसर्च एंड एजुकेशनल ट्रस्ट, महाराजगंज द्वारा आई०ई०सी० गतिविधियों का आयोजन राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन उत्तर प्रदेश शासन के माध्यम से ग्राम पंचायत एवं राजस्व ग्राम स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम ओ०डी०एफ० की स्थिति बनाए रखने हेतु पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक एवं अभियुक्तीकरण कार्यक्रम एस०बी०एम० फेज-2 पर जागरूकता हेतु कल्चरल एक्टिविटी नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जन जागरूकता कार्यक्रम जनपद के विभिन्न स्तर पर स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 की गतिविधियों पर आधारित आ०ई०सी० सामग्रियों का वितरण स्वच्छता व सैनिटाइजेशन से संबंधित स्वच्छता मेले का आयोजन एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से जन मानस में जागरूकता कार्यक्रम की टीम को जिला पंचायत राज अधिकारी नन्थू लाल गंगवार जी सहायक विकासअधिकारी(आई०एस०बी०बी) प्राप्त कर सकती है इसके के०के० मिश्रा जी द्वारा टीम को हरी झंडी दिखाकर गांव में रवाना की गई।विकासखंड के सभी पदाधिकारी और ग्राम प्रधान उपस्थित रहे। सुचीबद्ध संस्था के मुख्य प्रशिक्षक योगेश शुक्ला और आशुतोष पांडेय द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा निर्धारित समय तक विकासखंड के समस्त ग्राम पंचायत में ओडीएफ प्लस के लक्ष्य की स्थिति बनाए रखने हेतु शासन संकल्पित है सभी ग्राम पंचायत यथाशीघ्र स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के सफल क्रियान्वयन के माध्यम से ओ०डी०एफ०प्लस के लक्ष्य अपने कूड़े के समुचित निस्तारण के लिए स्वयं जिम्मेदार हो इसके लिए समय-समय पर विभिन्न आई०ई०सी० गतिविधियों के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर के आम जनमानस को जागरूक किया जाना है। गांव में ठोस कूड़े का प्रबंध करने के लिए कंपोस्ट पिट का निर्माण किया जाना है इस कार्य में गांव की जन सहभागिता सुनिश्चित होगी तभी हमारा गांव स्वच्छ एवं स्वस्थ हो पाएगा जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्य को प्राप्त किया जा सके।कार्यक्रम में जिला परियोजना समन्वयक राजकुमार यादव, अतिबीर यादव, अंकित यादव, दवी सुबबीर यादव, दवी यादव,अनुज पाल आदि लोग उपस्थित रहे।

ब्लाक प्रमुख व बीडीओ ने स्वच्छता प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

- कार्यक्रम के बाद जानप्रकाश टीम नांवों के लिए हुई रवाना
- बच्चों पर पेयजल व स्वच्छता समिति की हुई बैठक

जौनपुर की प्रमुख खबरें

जेपी मेमोरियल रिसर्च एंड एजुकेशनल ट्रस्ट के द्वारा लोगों को किया गया जागरूक

संक्षेप

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण कार्यक्रम का हुआ आयोजन